# न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय सहारनपुर।

परिवाद संख्या– 27491/2022

श्रीमती राधा देवी **बनाम** अनुज कुमार आदि।

**थानाः– बिहारीगढ, सहारनपुर।**

**17–07–2026**

पत्रावली पेश हुई। बार–बार पुकार कराये जाने पर कोई भी उपस्थित नहीं है और न ही कोई तिथि स्थगन प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया हैं। विगत लम्बे समय से परिवादिया अनुपस्थित है और न ही उसकी ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त परिस्थिति में अनन्तकाल तक वाद की कार्यवाही विलम्बित रखी जाना समीचीन प्रतीत नहीं होता है। पत्रावली पर मौजूद साक्ष्य के परिशीलन से विदित होता है कि विपक्षीगण को तलब किये जाने के आधार पर्याप्त नही है। अतः उक्त परिवाद खारिज किये जाने योग्य है।

**आदेश**

परिवादिया का परिवाद 226 बी0एन0एस0एस0 के अंतर्गत खारिज किया जाता है। पत्रावली बाद आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार दाखिल दफ्तर की जाये।

**(गौरव सिंह)**
**अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वितीय**
**सहारनपुर,**
**जी0ओ0 कोड UP 3266**